वार्षिक सांस्कृतिक प्रतियोगिता
23 मार्च 2022

सकलडीहा पीजी कॉलेज सकलडीहा चंदौली में एक दिवसीय वार्षिक सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं ने बढ़–चढ़ कर प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय के प्राचार्य प्राफेसर प्रदीप कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया। इस मौके पर छात्र/छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित अन्य मंचन ने सबका मन मोह लिया। इसके अन्तर्गत फैन्सी ड्रेस, लोक गीत, नाटक एवं नृत्य प्रतियोगिताए हुईं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ0 संत कुमार त्रिपाठी, पूर्व विभागाध्यक्ष हिन्दी विभाग, सकलडीहा पी0जी0 कॉलेज, सकलडीहा, चन्दौली ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम हमारे सार्वांगीण विकास के साथ–साथ क्रियात्मक ज्ञान को बढ़ावा देता है। कालेज के प्राचार्य प्रो0 प्रदीप कुमार पाण्डेय ने अध्यक्षीय उद्‌बोधन में कहा कि सांस्कृति कार्यक्रम छात्र–छात्राओं में कलात्मक भाव पैदा करता है। सांस्कृतिक कार्यक्रम में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया । कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम संयोजक प्रो0 दयानिधि सिंह यादव ने किया इस मौके पर प्रो0 प्रमोद कुमार पाण्डेय, प्रो0 उदय शंकर झा, प्रो0 इन्द्रदेव सिंह, प्रो0 शमीम राईन, डॉ0 अजय कुमार यादव, डॉ0 इंद्रजीत सिंह, डॉ0 दयाशंकर सिंह यादव, डॉ0 सीता मिश्रा, डॉ0 मीनू जायसवाल, प्रो0 एम.पी. सिंह, राजेश यादव, डॉ0 उमेश चतुर्वेदी, डॉ0 अभय वर्मा, डॉ0 योगेंद्र तिवारी, सहित अन्य उपस्थित रहे। अंत में श्री जितेन्द्र यादवे ने सभी उपस्थित गणमान्य लोगो के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

कार्यक्रम अधिकारी

प्राचार्य

प्राचार्य
सकलडीहा पी0 जी0 कालेज
सकलडीहा, चन्दौली